चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-4-26 | 2 | 1-3 |


# पृथ्वी हमारे जीवन का आधार, इसकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी : प्रो. बलदेव राज काम्बोज

## हकृवि में पौधारोपण कर मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधा रोपित करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

हिसार, 22 अप्रैल (विरेंद्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर हमारी ऊर्जा-हमारा ग्रह थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की। उन्होंने कल्पना चावला छात्रावास परिसर में जैकरंदा (नीला गुलमोहर) का पौधा रोपित करके अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण लगातार पृथ्वी के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, जिसके कारण अत्यधिक वर्षा, सूखा, तूफान और बर्फबारी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्लोबल वार्मिंग का जैव विविधता पर भी असर पड़ रहा है, जिससे पशु, पक्षियों और पौधों की प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। कृषि क्षेत्र पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है जिससे फसल चक्र प्रभावित हो रहा है और उत्पादन भी घट रहा है। वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी ही हमारे जीवन का आधार है, और इसकी सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पृथ्वी के बिना इंसान का जीवन संभव नहीं है। इसे बचाने के लिए हमें पेड़-पौधे लगाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने आगे आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण व जल का संरक्षण करने, प्लास्टिक से दूरी बनाने तथा सोलर एनर्जी अपनाने का भी आह्वान किया। यदि हम छोटे-छोटे प्रयास करें तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। भू-दृश्य सरंचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मलिक ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के तहत बरसात के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे। इस अवसर पर कुलसचिव सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित रहे और पौधारोपण भी किया।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,<br>हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण न्यूज | 22.04.2026 | -- | -- |

# पृथ्वी हमारे जीवन का आधार, इसकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारीः प्रो. बलदेव राज काम्बोज

**» हकृवि में पौधारोपण कर मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस**

दक्ष दर्पण





**हिसारः** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर हमारी ऊर्जा-हमारा ग्रह थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कल्पना चावला छात्रावास परिसर में जैकरंदा (नीला गुलमोहर) का पौधा रोपित करके अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण लगातार पृथ्वी के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, जिसके कारण अत्यधिक वर्षा, सूखा, तूफान और बर्फबारी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्लोबल वार्मिंग का जैव विविधता पर भी असर पड़ रहा है, जिससे पशु, पक्षियों और पौधों की प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। कृषि क्षेत्र पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है जिससे फसल चक्र प्रभावित हो रहा है और उत्पादन भी घट रहा है। वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी ही हमारे जीवन का आधार है, और इसकी सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पृथ्वी के बिना इंसान का जीवन संभव नहीं है। इसे बचाने के लिए हमें पेड़- पौधे लगाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने आगे आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण व जल का संरक्षण करने, प्लास्टिक से दूरी बनाने तथा सोलर एनर्जी अपनाने का भी आह्वान किया। यदि हम छोटे-छोटे प्रयास करें तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। भू-दृश्य सरंचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मलिक ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के तहत बरसात के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे। इस अवसर पर कुलसचिव सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित रहे और पौधारोपण भी किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-4-26 | 4 | 5-6 |

## रंगोली प्रतियोगिता में अंजलि प्रथम



विजेता विद्यार्थी को पुरस्कृत करते प्रो. कांबोज। स्रोत : विवि

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएस एचएयू) के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अंजलि ने सबसे सुंदर रंगोली बनाई। उन्होंने रंगोली और पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23-4-26 | 3 | 2-5 |


# पृथ्वी की सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी बीआर काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर हमारी ऊर्जा-हमारा ग्रह थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कल्पना चावला छात्रावास परिसर में जैकरंदा (नीला गुलमोहर) का पौधा रोपित करके अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण लगातार पृथ्वी के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, जिसके कारण अत्यधिक वर्षा, सूखा, तूफान और बर्फबारी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्लोबल वार्मिंग का जैव विविधता पर भी असर पड़ रहा है, जिससे पशु, पक्षियों और पौधों की प्रजातियां विलुप्त हो रही है। कृषि क्षेत्र पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है जिससे फसल चक्र प्रभावित हो रहा है और उत्पादन भी घट रहा है।




विश्व पृथ्वी दिवस पर हकृवि में पौधारोपण करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज • जागरण

## केवीके में विज्ञानियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

संस, जागरण • मंडी आदमपुर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गांव सदलपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में विश्व धरती दिवस पर पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं किसानों ने धरती को बचाने, अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान डा. नरेंद्र, डा. पंकज, इंद्रपाल, हनुमान, मोनिका व जिले सिंह मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण न्यूज | 22.04.2026 | -- | -- |

# हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छता का दिया संदेश

दक्ष दर्पण







**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हमारे जीवन और आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत जरूरी है। पेड़ पौधे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को कम करके हमें ऑक्सीजन देते हैं। उन्होंने बताया कि अनावश्यक पानी को बहने से रोकें और वर्षा जल का संचयन करें। प्लास्टिक का उपयोग कम करें तथा एकल प्लास्टिक के उपयोग से बचें। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो सके कपड़े या जूट के बैग का ही प्रयोग करें। बिजली के उपकरणों का सीमित प्रयोग करें और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दें। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और रंगोली तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ मोनिका शर्मा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने एक रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया। कार्यक्रम में अव्वल को बेस्ट लीडर अवार्ड से नवाजा गया। रंगोली प्रतियोगिता में अंजली ने प्रथम, रोमा ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चाहत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय तथा खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार रीतिका को दिया गया। डॉ. वीनू सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। डॉ. शालिनी ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 23-4-26 | 10 | 2-5 |

## एचएयू के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम

# पृथ्वी को सुरक्षित रखना हमारे जीवन व आने वाली पीढ़ियों के लिए जरूरी

**जागरूकता रैली के माध्यम से प्लास्टिक से मुक्ति और स्वच्छता का दिया संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हमारे जीवन और आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत जरूरी है। पेड़ पौधे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को कम करके हमें ऑक्सीजन देते हैं। उन्होंने बताया कि अनावश्यक पानी को बहने से रोकें और वर्षा जल का संचयन करें। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और रंगोली तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मोनिका शर्मा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।



हिसार। प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि प्रो. बीआर काम्बोज।

### अव्वल रहने वाले विद्यार्थी को मिला बेस्ट लीडर अवार्ड

कार्यक्रम में अव्वल रहने वाले विद्यार्थी को बेस्ट लीडर अवार्ड से नवाजा गया। रंगोली प्रतियोगिता में अंजली ने प्रथम, रोमा ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चाहत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय तथा खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार रीतिका को दिया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. शालिनी आदि उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

हकृवि में विश्व पृथ्वी दिवस पर हमारी ऊर्जा-हमारा ग्रह थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर म्बोज ने भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कल्पना चावला छात्रावास परिसर में जैकरंदा (नीला गुलमोहर) का पौधा रोपित करके अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मलिक ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के तहत बरसात के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23-4-26 | 3 | 6 |



जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। डा. शालिनी ने मंच का संचालन किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-4-26 | 3 | 8 |

## एचएयू के सामुदायिक विज्ञान कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**हिसार**| हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में एचएयू के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। पृथ्वी को सुरक्षित रखना हमारे जीवन और आने वाली पीढ़ियों के लिए जरूरी है। पेड़-पौधे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कॉलेज परिसर में लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

सामुदायिक विज्ञान कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. मोनिका शर्मा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। रंगोली प्रतियोगिता में अंजली ने प्रथम, रोमा ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।